EPBX NO. 0522-2494000/2495000/2668700/2668800/2668900
FAX:- 0522-2668017/2668078,

# संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ,

## SANJAY GANDHI POSTGRADUATE INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, RAE BARELI ROAD, LUCKNOW, U.P (INDIA).

**विज्ञापन संख्या–I/15/ER/ACAD/2024-25**

आफलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि– 01/10/2024 सायंकाल 5 बजे तक

संस्थान के विज्ञापन संख्या–I/01/ER/ACAD/2024-25 के अंतर्गत कार्यपालक कुलसचिव–01 पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. **आवेदन की प्रकिया–**

संस्थान की वेबसाइट www.sgpgims.org.in(Section-Recruitment) पर आवेदन का प्रारूप उपबब्ध है जिसको डाउनलोड करके और फार्म को पूर्ण रूपसे भरकार उपरोक्त दी गयी अंतिम तिथि तक निम्नलिखित पते पर प्रेषित किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र केवल स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे। The Institute will not be responsible for any postal delay.

Completed application form should clearly mention on the envelope "Group A Recruitment" which has to be sent on the following Correspondence Address :-

Mr SS Ashraf, Senior Administrative officer, Administrative Block, Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Medical Scince, Raibarelli Road, Lucknow-226014

**Important Point to be noted :**

1. Affix only recent coloured passport size photograph
2. The application should be duly signed on all pages
3. All annexures and attached documents have to be self attested
4. Date of Birth verification would be done by providing Aadhar Card and Class X marksheet
5. Any other relevant certificate as necessary

**आवेदन शुल्क–** आवेदन शुल्क Demand Draft के माध्यम से आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना है।

Demand Draft in favour of Director, SGPGIMS, Lucknow, Academic Account, Payable at SBI Branch Code-7789

| क.सं. | श्रेणी | आवेदन शुल्क (Non-refundable) |
|---|---|---|
| 1 | उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 600.00 |
| 2 | अन्य (अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) | 1000.00 |

| क. सं. | विभाग का नाम | पद नाम | समूह | लेवल एवं पे मैट्रिक्स | 01 जुलाई 2024 को आयु (न्यूनतम–अधिकतम) वर्षों में | पदों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | कुल पद | अनारक्षित |
| 1 | संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ | कार्यपालक कुलसचिव | क | लेवल–13 पे मैट्रिक्स–123100–215900 | 21–50 | 01 | 01 |

**टिप्पणी**

उपर्युक्त पद के सापेक्ष आवेदन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी, जो 01 जुलाई 2024 को पद के सम्मुख अंकित आयु सीमा के अंतर्गत आते हैं और पद हेतु विहित अपेक्षित अर्हताएं, जिसका उल्लेख आगे किया जा रहा है, धारित करते हैं, वे आफलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**7. अपेक्षित अर्हताएं :–**

उपर्युक्त पद पर भर्ती हेतु अपेक्षित अर्हताएं अधोलिखित हैं । आवेदन पत्र प्राप्त करने की **अंतिम तिथि** तक अपेक्षित अर्हताएं धारित करने वाले अभ्यर्थी ऑफलाइन आवेदन अपेक्षित शैक्षिक अर्हताओं एवं अनुभव सम्बन्धी समस्त स्वप्रमाणित प्रमाण–पत्रो को संलग्न कर प्रेषित किये जायेंगे।

| **क.सं.** | **पद नाम** | **अनिवार्य अर्हता/अधिमानी अर्हता** |
|---|---|---|
| 1 | कार्यपालक कुलसचिव | Master's degree. Preferably in Science from a recognized University with 15 years experience in academic/ administrative job. Preference will be given to those which MBA/M.Ed./Diploma in Personnel Management/ L.L.B. Experience of conducting examination in a University or postgraduate Institute of national level or equivalent and having knowledge of academic procedure/formulation of syllabi according to Medical Council of India regulations would be desirable experience. |

**8. आयु सीमा :–**

**(a)** आयु गणना की निश्चायक तिथि 01 जुलाई 2024 है और उक्त तिथि को अभ्यर्थी की आयु उपर्युक्त सारणी में अंकित आयुसीमा के अर्न्तगत हो, अर्थात अभ्यर्थी ने 01 जुलाई 2024 को 21 वर्ष की आयु अवश्य प्राप्त कर ली हो और 50 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की हो।

**(b)** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ावर्ग और ऐसी अन्य श्रेणी, के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट हो। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ावर्ग हेतु अधिकतम आयु में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।

**9. आरक्षणः–** उ0प्र0 की अनुसूचित जातियों/उ0प्र0 की अनुसूचित जनजातियों, उ0प्र0 के अन्य पिछड़ा वर्गों को उत्तर प्रदेश सरकार के अद्यावधिक विद्यमान शासनादेशों के अनुसार आरक्षण अनुमन्य होगा। आरक्षण का लाभ केवल उ0प्र0 के निवासियों को ही अनुमन्य होगा।

**नोटः–** (1) आरक्षण/आयु में छूट का लाभ चाहने वाले अभ्यर्थी सम्बन्धित आरक्षित श्रेणी के समर्थन में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र/आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र, जो आवेदन की अंतिम तिथि तक

जारी किया गया हो **तथा सत्यापन करने पर संगत वेबसाईट में उपलब्ध हो। जाति प्रमाण–पत्र संगत वेबसाईट से सत्यापित न होने की दशा में निरस्त माना जायेगा।**

**10. चयन का आधारः–**

श्रेष्ठता के कम में साक्षात्कार के माध्यम से।

**11. अभ्यर्थियों के लिए सामान्य अनुदेशः–**

1. उत्तर प्रदेश के आरक्षित श्रेणी के सभी अभ्यर्थी आवेदन में अपनी श्रेणी अवश्य अंकित करें।
2. एक से अधिक आरक्षित श्रेणी का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को केवल एक छूट, जो अधिक लाभकारी होगी, दी जाएगी।
3. उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, जैसी भी स्थिति हो, की श्रेणी में आने वाले व्यक्ति के पुत्र या पुत्री तथा वह अथवा उनका परिवार सामान्यतया उत्तर प्रदेश में निवास करता हो, ऐसी महिला अभ्यर्थी का जाति प्रमाण पत्र जिसमें उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आने वाले व्यक्ति की पत्नी होने का उल्लेख है, मान्य न होगा।
4. उत्तर प्रदेश के अन्य पिछड़े वर्ग की श्रेणी में आने वाले व्यक्ति के पुत्र या पुत्री तथा वह अथवा उनका परिवार सामान्यतया उत्तर प्रदेश में निवास करता हो। ऐसी महिला अभ्यर्थी का जाति प्रमाण पत्र जिसमें उत्तर प्रदेश के अन्य पिछड़े वर्ग की श्रेणी में आने वाले व्यक्ति की पत्नी होने का उल्लेख है, मान्य न होगा।
5. जो अभ्यर्थी केंद्र या राज्य सरकार की सेवा में सेवारत है, वे अपने सेवायोजक से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें, जिसे मांगे जाने पर संस्थान को प्रस्तुत करना होगा, प्रारम्भ में अनापत्ति प्रमाण पत्र आवश्यक नहीं है, परन्तु इस आधार पर विलंब से प्राप्त आवेदन पत्रों को कालबाधित माना जाएगा।
6. राज्यधीन सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को उ0प्र0 शासन के कार्मिक विभाग के शासनादेश संख्या 2–ई.एम./2001–का–4–2013, दिनांक 27 अगस्त, 2013 के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में पॉच वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी तथा शासी निकाय दिनांक 27.11.2001 के निर्णयानुसार विभागीय कर्मचारियों को आयु में 05 वर्ष तक की शिथिलता प्रदान की जायेगी।
7. ऐसे पुरुष अभ्यर्थी जो विवाहित हैं तथा जिनकी एक से अधिक जीवित पत्नियॉ हैं अथवा ऐसी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया है जिसके पहले से ही एक जीवित पत्नी है, पात्र नहीं समझे जाएंगे बशर्ते कि राज्यपाल महोदय द्वारा उक्त प्रतिबंध से मुक्ति प्रदान न कर दी गयी हो।
8. अभ्यर्थी के अर्ह/अनर्ह होने के संबंध में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।

**12. अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश–**

1. किसी भी अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र में गलत तथ्यों को, जिनकी प्रमाण पत्र के आधार पर पुष्टि नहीं की जा सकती चयनों से प्रतिवारित किया जा सकता है।
2. **हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। जन्मतिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा।**

3. आयु एवं शैक्षिक योग्यता की पुष्टि में अंकपत्र, प्रमाण पत्र, उपाधि की स्वप्रमाणित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने होंगे।
4. जो अभ्यर्थी कालांतर में अर्ह नहीं पाये जाएंगे उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा और इस संबंध में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।
5. नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियमों में अपेक्षित स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा।
6. ऐसे अभ्यर्थी जो आवेदन करने की अंतिम तिथि तक वांछित अनिवार्य अर्हता नहीं रखते हैं, वे इस पद हेतु आवेदन न करें क्योंकि वे पात्र नहीं हैं। उनका अभ्यर्थन स्वीकार नहीं होगा।
7. संस्थान अभ्यर्थियों को उनकी पात्रता के संबंध में कोई परामर्श नहीं देता है। इसलिए उन्हें विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन करना चाहिए और वे तभी आवेदन करें जब वे संतुष्ट हो जाए कि वे विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप अर्ह हैं।
8. किसी अनाचार/कदाचार, किसी महत्वपूर्ण सूचना को छुपाने, अभियोजन/अपराधिक वाद लंबित होने, दोष सिद्ध होने, एक से अधिक जीवित पति या पत्नी के होने, तथ्यों के गलत प्रस्तुत करने तथा अभ्यर्थन/चयन के संबंध में सिफारिश करने आदि कृत्यों में लिप्त पाये जाने पर अभ्यर्थन निरस्त करने तथा संस्थान की चयनों से प्रतिवारित करने का अधिकार संस्थान का होगा।
9. इस विज्ञापन/चयन को निरस्त करने एवं संशोधन करने का सम्पूर्ण अधिकार निदेशक में निहित होगा। इस सम्बन्ध में कोई पत्राचार न होगा।

**निदेशक**